कार्यालय जिलाधिकारी बुलन्दशहर।

पत्रांक: 5354/न्याय सहायक/कोरोना वायरस/2020 दिनांक: 16.10.2020

**मा0 जिला एवं सत्र न्यायाधीश,**
**बुलन्दशहर।**

महोदय,

कृपया अपने पत्र दिनांक 21.08.2020 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके अन्तर्गत न्यायालय परिसर, बुलन्दशहर में न्यायिक कार्य प्रारम्भ होना अवगत कराते हुए, माननीय उच्च न्यायालय के आदेशानुसार नित्य प्रतिदिन 3.00 बजे कोविड–19 के [illegible] की व्यवस्था उपलब्ध कराये जाने की अपेक्षा की गयी है।

उक्त के संबंध में सादर अवगत कराना है कि मा0 मुख्य सचिव, गृह(गोपन) अनुभाग–3, लखनऊ, उत्तर प्रदेश शासन लखनऊ के कार्यालय के पत्र संख्या 2127/2020/सीएक्स–3 दिनांक 03.10.2020 के द्वारा निर्देश दिये गये है कि लॉकडाउन केवल कन्टेनमेंट जोन तक ही सीमित रहेगा तथा कन्टेनमेंट जोन का निर्धारण माइक्रो लेवल पर केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के दिशा निर्देशों के अनुरूप इस उद्देश्य से किया जायेगा कि संक्रमण श्रृंखला के अनुसार जोन को निम्न प्रकार परिभाषित किया गया है:–

<u>शहरी क्षेत्र:–</u>

(1) किसी एक घर में एक या उससे अधिक संक्रमण के प्रकरण पाये जाने पर अगल–बगल के अधिकतम एक–एक घर तक माइक्रो कन्टेनमेंट जोन बनाया जायेगा।

(2) एक से अधिक घरों में संक्रमण के प्रकरण पाये जाने पर, जिन घरों में संक्रमण के प्रकरण आये हों, उनके अगल–बगल के घरों तक के क्षेत्र को कलस्टर जोन माना जायेगा और तदनुसार पैरामीटर कन्ट्रोल भी रहेगा।

(3) आवासीय बहुमंजिला सोसाइटियों के सम्बन्ध में कन्टेनमेंट–जोन घोषित करने हेतु निम्नानुसार नीति अपनाई जायेगी–

(i) यदि एकल तल पर सकिय केस पाया जाये तो ऐसा तल सील कर दिया जायेगा।

(ii) यदि एक से तलों पर संकिय केस पाये जाये तो संबंधित तल ही सील कर दिया जायेगा।

(iii) यदि एक सोसाईटी में एक से अधिक टॉवरों में सक्रिय केस पाये जाते है तो ऐसी सोसाईटी में संबंधित टॉवरों तथा सार्वजनिक प्रयोग के स्थाना तथा पार्क, जिम, तरण–ताल, बैक्वेट–हॉल आदि को भी कन्टेंनमेंट जोन में शामिल करते हुये तत्काल प्रभाव से बन्द कर दिया जाएगा, जिससे कि संक्रमण का प्रसार अन्य व्यक्तियों में न होने पाए।

(iv) ऐसे भवनों को पूर्ण रूप से सेनेटाईज/निसंकमित करने के उपरान्त ही पुनः प्रयोग किया जायेगा।

(4) वाणिज्यिक/औद्योगिक/कार्यालय भवनों के परिसर में कन्टेनमेंट–जोन के सम्बन्ध में

(i) ऐसे स्थानों पर जहाँ सक्रिय केस/मरीज काम करता रहा हो ऐसे स्थानों को संक्रमण के प्रसार को रोकने के उद्देश्य से सैनिटाइजेशन/निसंक्रमित करने हेतु 24 घंटों के लिए तत्काल प्रभाव से बन्द कर दिया जाएगा। कोविड–19 प्रोटोकॉल के दृष्टिगत सैनिटाइजेशन/निसंक्रमित करने के सम्बन्ध में होने वाले व्यय को ऐसे भवनों के अध्यासियों द्वारा वहन किया जाएगा।

(ii) ऐसे भवनों/परिसरों को पूर्णरूप से सैनिटाइज/निसंक्रमित करने के उपरान्त ही पुनः प्रयोग किया जाएगा।

<u>ग्रामीण क्षेत्र:–</u>

(1) किसी एक घर में एक या उससे अधिक संक्रमण के प्रकरण पाये जाने पर अगल–बगल के अधिकतम एक–एक घर तक माईक्रो कन्टेनमेंट जोन बनाया जायेगा।

(2) यदि गांव में एक से अधिक केस (कलस्टर) है तो जिन घरों में संक्रमण के प्रकरण आये हो, उनके अगल–बगल के घरों तक के क्षेत्र को कलस्टर जोन माना जायेगा तथा तदनुसार पैरामीटर कन्ट्रोल भी रहेगा।

प्रभारी निरीक्षक, स्थानीय अभिसूचना इकाई, बुलन्दशहर द्वारा अपनी आख्या पत्रांक–एल.आई.यू./सी–34/2020 दिनांक 16.10.2020 में अवगत कराया गया है कि "विगत काफी समय से प्रदेश एवं देश में कोरोना संक्रमण के फैलने के कारण लॉकडाउन को कुछ शर्तो के साथ खोला गया है। विगत में देश के अन्य प्रान्तों महाराष्ट्र, गुजरात, दिल्ली, हरियाणा आदि से प्रवासी मजदूर आदि वापस आये थे, जिनमें से कुछ लोग विगत दिनों संकमित भी पाये गये थे।

यद्यपि जनपद में प्रशासन/पुलिस द्वारा लॉकडाउन के नियमों का पालन कराया जा रहा है, परन्तु कतिपय दुकानदारों तथा ग्राहकों द्वारा सोशल डिस्टेसिंग का पालन न किये जाने के कारण संक्रमण फैलने का खतरा बना रहता है। "

महोदय को यह भी अवगत कराना है कि जनपद बुलन्दशहर में 158 हॉट स्पॉट चिन्हित कर सील किये गये है, जिनमें 44–एच0 ब्लॉक यमुनापुरम, नगरीय क्षेत्र बुलन्दशहर, मौ0 देवीपुरा–I, नगरीय क्षेत्र बुलन्दशहर, टांडा नगरीय क्षेत्र बुलन्दशहर, प्रीत बिहार नगरीय क्षेत्र बुलन्दशहर, आवास विकास–द्वितीय नगरीय क्षेत्र बुलन्दशहर, मौ0 शान्ती निकेतन नगरीय क्षेत्र बुलन्दशहर, मौ0 कोठियात पुलिस लाईन के पास नगरीय क्षेत्र बुलन्दशहर, मौ0 कैलाशपुरी नगरीय क्षेत्र बुलन्दशहर, अमर माया कालोनी चॉदपुर नगरीय क्षेत्र बुलन्दशहर, मौ0दुर्गापुरम पवन डेयरी के पास, नगरीय क्षेत्र बुलन्दशहर, मौ0लक्ष्मी नगर नगरीय क्षेत्र बुलन्दशहर, मौ0राजा बाबू रोड सिविल लाईन नगरीय क्षेत्र बुलन्दशहर, मौ0रामा एनक्लेव मन्दिर के पास नगरीय क्षेत्र बुलन्दशहर, मौ0चाणक्यपुरी, रजिस्ट्री ऑफिस के सामने, नगरीय क्षेत्र बुलन्दशहर, नारायण एनक्लेव मऊआ खेडा वि0ख0 व तहसील बुलन्दशहर, मौ0नरसल घाट नगरीय क्षेत्र बुलन्दशहर, मौ0कोठियात आजाद पब्लिक स्कूल के सामने शिवचरन इं0का0 वाली गली को0नगर बुलन्दशहर, डाकखाने वाली गली, कृष्णा नगर, नगरीय क्षेत्र बुलन्दशहर, मौ0 गद्दीयान जामा मस्जिद के पास, ऊपरकोट (डा0 आजाद का आवास), नगरीय क्षेत्र बुलन्दशहर, मौ0प्रेमनगर राजदरबार होटल के सामने, नगरीय क्षेत्र बुलन्दशहर, मौ0राधानगर निकट भाटी आटा चक्की नगरीय क्षेत्र बुलन्दशहर, आवास विकास प्रथम(एच0एफ0एस/एस0एफ0एच0) नगरीय क्षेत्र बुलन्दशहर, शिव टैण्ट वाली गली नं0–1 धमैडा मोड, नगरीय क्षेत्र बुलन्दशहर, माता वाली गली चॉदपुर नगरीय क्षेत्र बुलन्दशहर, नया गॉव चॉदपुर नगरीय क्षेत्र बुलन्दशहर, खाटू श्याम मन्दिर के बराबर वाली गली मोती बाग सिविल लाईन नगरीय क्षेत्र बुलन्दशहर, मौ0 बाबूपुरा बिजली घर के सामने चॉमड वाली गली देवीपुरा प्रथम नगरीय क्षेत्र बुलन्दशहर, अपार्टमेंट गंगानगर, नगरीय क्षेत्र बुलन्दशहर, चौधरी शिकारपुर कम्पाउण्ड, डी0एम0रोड नगरीय क्षेत्र बुलन्दशहर, मेरठ हॉस्पिटल के सामने वाली बिल्डिंग, अनूपशहर रोड नगरीय क्षेत्र बुलन्दशहर, ईश्वर दयाल वाली गली मौ0राधानगर नगरीय क्षेत्र बुलन्दशहर, मौ0 भूड डाकखाने वाली गली भाना की चक्की के पास नगरीय क्षेत्र बुलन्दशहर, चन्द्रकुटी, डी0एम0 रोड नगरीय क्षेत्र बुलन्दशहर, नूर मस्जिद के बराबर वाली गली, मौ0फैसलाबाद नगरीय क्षेत्र बुलन्दशहर, शर्मा टायर हॉउस के पास अनूपशहर अडडा नगरीय क्षेत्र बुलन्दशहर, ए0 ब्लाक यमुनापुरम नगरीय क्षेत्र बुलन्दशहर, भवन मन्दिर के पीछे देवीपुर द्वितीय नगरीय क्षेत्र बुलन्दशहर, शिव मन्दिर के आगे वाली गली, मौ0भगवानपुर नगरीय क्षेत्र बुलन्दशहर,वाटर वर्क्स के सामने मौ0साठा नगरीय क्षेत्र बुलन्दशहर, सुशीला बिहार नगरीय

गोपनीय
पत्रांक-एल.आई.यू./सी-34/2020

स्थानीय अभिसूचना इकाई
बुलन्दशहर
दिनांक-अक्टूबर 16, 2020

सेवा में,

अपर जिलाधिकारी(प्रशासन)
जनपद बुलन्दशहर ।

कृपया अवगत कराना है कि विगत काफी समय से प्रदेश एवं देश में कोरोना संक्रमण के फैलने के कारण लॉकडाउन को कुछ शर्तों के साथ खोला गया है। विगत में देश के अन्य प्रान्तों महाराष्ट्र, गुजरात, दिल्ली, हरियाणा आदि से प्रवासी मजदूर आदि वापस आये थे, जिनमें से कुछ लोग विगत दिनों संक्रमित भी पाये गये थे।

यद्यपि जनपद में प्रशासन/पुलिस द्वारा लॉकडाउन के नियमों का पालन कराया जा रहा है। परन्तु कतिपय दुकानदारों तथा ग्राहकों के द्वारा सोशल डिस्टेंसिंग तथा नियमों का पालन न किये जाने के कारण संक्रमण फैलने का खतरा बना रहता है।

अतः उक्त के दृष्टिगत लोगों को सोशल डिस्टेंसिंग का अनुपालन कराने व अनावश्यक दुकानों पर भीड एकत्रित न करने हेतु समझाया जाना तथा समुचित सतर्कता/पुलिस प्रबन्ध सहित आवश्यक कार्यवाही किया जाना समीचीन होगा।

16/10/20

प्रभारी निरीक्षक
स्थानीय अभिसूचना इकाई
बुलन्दशहर